भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1005
जिसका उत्तर मंगलवार 24 जुलाई, 2018 को दिया जाना है

वाहनों के लिए वैकल्पिक ईंधन हेतु अनुसंधान एवं विकास

1005. श्री आलोक संजर:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने देश में वाहनों के लिए वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए कोई कार्ययोजना तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा वाहनों के लिए वैकल्पिक ईंधन को प्रोत्साहित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) से (ग): जी हां, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) देश में वाहनों के लिए वैकल्पिक ईंधनों के अनुसंधान एवं विकास से जुड़ा है। एमएनआरई द्वारा यह सूचित किया गया है कि हाइड्रोजन और ईंधन सैलों सहित नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विकास हेतु व्यापक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम की सहायता की जा रही है।

****